భారత్ ఎలక్ట్రానిక్స్
भारत इलेक्ट्रॉनिक्स
BHARAT ELECTRONICS

*गुणवत्ता, प्रौद्योगिकी, नवाचार*

( रक्षा मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का एक उद्यम )

<u>विज्ञापन सं. बीईएल/एचवाईडी/2025-26/03</u>

## <u>अंशकालिक विज़िटिंग डॉक्टर की नियुक्ति</u>
## <u>( एलोपैथी – 01)</u>

**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, नवरत्न एवं पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स में भारत की एक अग्रणी कंपनी को अपने हैदराबाद यूनिट के लिए परामर्श सेवाएं प्रदान करने हेतु विजिटिंग मेडिकल ऑफिसर ( एलोपैथी - 01) की आवश्यकता है।**

1.0 **<u>स्थान</u>**: चिकित्सा केंद्र, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, आईईनाचारम , हैदराबाद – 500 076.

2.0 **<u>अनुबंध अवधि</u>**: नियुक्ति की प्रकृति पूर्णतः अस्थायी आधार पर है, जो नियुक्ति की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिए होगी, जिसे कंपनी के विवेकानुसार आपसी सहमति के साथ तय की गयी अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।

3.0 **<u>योग्यता</u>**: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एमबीबीएस।

4.0 **<u>अनुभव</u>**: यथा 01.06.2025 तक न्यूनतम 02 वर्ष का पद - योग्यता अनुभव होनी चाहिए।

5.0 **<u>आयु सीमा</u>**: अधिकतम 65 वर्ष (यथा 01.06.2025 तक), प्रबंधन के विवेकानुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी ।

6.0 **<u>पारिश्रमिक</u>**: चयनित उम्मीदवार को प्रति माह (समायोजित) 40,000/- (केवल चालीस हजार रुपये) का समेकित मानदेय दिया जाएगा। लागू कर की कटौती के बाद भुगतान किया जाएगा। उम्मीदवार के पास कार्यग्रहण के समय पैन कार्ड होना चाहिए।

7.0 **<u>कार्य समय</u>**: कार्य दिवसों में प्रतिदिन कार्य समय 4 घंटे (सुबह 09.00 बजे से दोपहर 13.00 बजे तक) होगा। कंपनी राष्ट्रीय और घोषित त्यौहारों की छुट्टियों पर बंद रहेगी।

8.0 **<u>कार्य विवरण</u>**:

8.1 फैक्टरी में काम करने वाले कर्मचारियों और अन्य लोगों को चिकित्सा सेवाएं और सलाह प्रदान करना।

8.2 **<u>प्रशासनिक कार्य</u>**: जांच और प्रमाणन

a) कर्मचारियों के चिकित्सा बिल (बाह्य-रोगी और आंतरिक-रोगी दोनों बिल का )
b) फार्मेसी बिल (नियमित एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी दोनों का)
c) विशेषज्ञ उपचार, प्रयोगशाला परीक्षण/एक्स-रे, स्कैन आदि के लिए नियमित कर्मचारियों को दवाओं के लिए पर्ची और रेफरल मेमो जारी करना।
d) सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रयोगशाला परीक्षण/एक्स-रे/स्कैन आदि के लिए पर्चे जारी करना ।
e) **सेवानिवृत कर्मचारियों के चिकित्सा दावा का जांच और** प्रमाणीकरण ।
f) चिकित्सा केन्द्र के लिए दवाओं की खरीद हेतु मांगपत्र ।
g) पूर्व रोजगार चिकित्सा परीक्षण रिपोर्ट, स्थायी रोजगार के लिए सत्यापन एवं फिटनेस का प्रमाणन देना ।
h) छुट्टी के आवेदन के साथ संलग्न चिकित्सा प्रमाणपत्रों की जांच और प्रमाणीकरण
i) गैर-पैनल अस्पतालों में आपातकालीन प्रवेश के मामलों का पृष्ठांकन।

8.3 विजिटिंग डॉक्टर को पैनल अस्पतालों का आकस्मिक दौरा करना होगा तथा चिकित्सा उपचार का आकलन कर, प्रबंधन को उचित सलाह देनी होगी।

8.4 विजिटिंग डॉक्टर को उन पैनल अस्पतालों का भी दौरा करना होगा जहां कर्मचारी/आश्रित के 15 दिनों से अधिक रहने की संभावना है तथा उन्हें आगे की कार्रवाई के बारे में सलाह देनी होगी, जिसमें अस्पताल में मरीज के आगे भी रहने की सिफारिश शामिल है।

8.5 विजिटिंग डॉक्टर प्रबंधन द्वारा समय-समय पर आवंटित अन्य कार्य भी करेंगे। विजिटिंग डॉक्टर मानव संसाधन प्रभाग के प्रमुख को रिपोर्ट करेंगे।

9.0 **<u>छुट्टी की सुविधाएँ</u>** : विजिटिंग मेडिकल ऑफिसर (वी.मे.ऑ.) के रूप में नियुक्ति के दौरान, विजिटिंग डॉक्टर को प्रति वर्ष 12 दिन की आकस्मिक छुट्टी दी जाती है। छुट्टी लेने के बारे में मानव संसाधन प्रभाग को अग्रिम सूचना देनी होगी। विजिटिंग डॉक्टर किसी अन्य प्रकार की छुट्टी, लाभ या सुविधाओं के हकदार नहीं होंगे ।

10.0 **<u>सूचना अवधि</u>**: सेवाएं किसी भी पक्ष द्वारा एक माह के नोटिस पर या नोटिस के बदले मानदेय देकर समाप्त की जा सकती हैं।

11.0 **<u>अधिकार सुरक्षित</u>**: बीईएल अपने विवेक द्वारा उम्मीदवारी को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**<u>विविध</u> :**

12.0 विजिटिंग डॉक्टर को निवास स्थान और फैक्ट्री के बीच आने-जाने के लिए परिवहन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

13.0 कंपनी की प्रचलित प्रक्रिया के अनुसार सभी कार्य दिवसों पर उपस्थिति दर्ज करनी होगी।

14.0 मानदेय का भुगतान प्रत्येक माह के प्रथम कार्य दिवस को बचत खाते में, आयकर, अवकाश समायोजन आदि की कटौती के बाद किया जाएगा ।

15.0 यह विज्ञापन द्विभाषी (अंग्रेजी और हिंदी) में उपलब्ध कराया गया है। विज्ञापन की किसी भी त्रुटि के मामले में अंग्रेजी संस्करण का संदर्भ दिया जाना चाहिए और वही अंतिम होगा।

16.0 अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन/संबंधित संलग्नकों के बिना प्राप्त आवेदनों को सरसरी तौर पर रद्द माना जाएगा ।

17.0 किसी भी प्रकार का अवेध प्रचार करने पर अयोग्यता घोषित कर दी जाएगी।

18.0 उम्मीदवार द्वारा आवेदन पत्र (संलग्न) को विधिवत भरा हुआ, हस्ताक्षरित, फोटोग्राफ के साथ और आवश्यक दस्तावेजी प्रमाण शैक्षिक योग्यता , मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया, तेलंगाना मेडिकल काउंसिल के साथ पंजीकरण प्रमाण पत्र, सेवा प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण के समर्थन में एसएसएलसी / +2 अंक पत्र, सामुदायिक प्रमाण पत्र (यदि ईडब्ल्यूएस / एससी / एसटी / ओबीसी से संबंधित हो) के साथ प्रस्तुत करना चाहिए।

19.0 इच्छुक और पात्र उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन पत्र (प्रारूप संलग्न) 30-06-2025 तक या उससे पहले अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), मेसर्स भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, इंडस्ट्रियल एस्टेट, नचाराम , हैदराबाद - 500 076 को भेजें। विज्ञापन और आवेदन से संबंधित प्रश्नों के लिए ई-मेल: hydhrgen@bel.co.in और फोन 040-27194999 पर संपर्क करें।

***<u>--o0o-</u>***